# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन








**मेरठ (दैनिक हाक):** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र व जिला प्रशासन मेरठ द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर पराक्रम दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा० राज्यसभा सांसद श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी, कुलपति चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय श्रीमती संगीता शुक्ला, जिलाधिकारी डा० वी०के० सिंह, सीडीओ नूपुर गोयल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन कर किया गया। कार्यक्रम में मा० प्रधानमंत्री जी के पराक्रम दिवस कार्यक्रम के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गणमान्य व्यक्तियो को प्रतीक चिन्ह, शॉल तथा पौधा भेंटकर स्वागत किया। राष्ट्रगान व राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में पराक्रम दिवस को पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक ढंग से मनाया गया। पराक्रम दिवस पर मुख्य अतिथि मा० राज्यसभा सांसद श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने संबोधित करते हुये कहा कि नेताजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके द्वारा किये गये पराक्रम तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेते हुये राष्ट्र को प्रथम रखते हुये प्रत्येक भारतीय को अपने कर्तव्यो का निवर्हन करना चाहिए। मा० एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पराक्रम करते हुये आगे बढते जाना है। मा० विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद ने कहा कि नेताजी का जीवन पराक्रम की याद दिलाता है।

कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, बिरहा गायन, राजस्थान के लोकनृत्य तथा आल्हा गायन की वीर रस से ओतप्रोत भव्य प्रस्तुति दी गई। नेताजी के जीवनवृत्त पर वीर रस में गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियो से प्रेक्षागृह गुंजायमान रहा। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। पराक्रम दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति एवं प्रतिभागियो को जिलाधिकारी डा० वी०के० सिंह ने मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त जनपद में विभिन्न स्थानो पर कार्यक्रम को आयोजन किया गया। इसी क्रम में सदर थाने से शहीद स्मारक स्थल तक शोभा यात्रा तथा नुक्कड नाटको का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा० राज्यसभा सांसद श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी, मा० विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, मा० एमएलसी श्रीचंद शर्मा, कुलपति चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय श्रीमती संगीता शुक्ला, जिलाधिकारी डा० वी०के० सिंह, सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डा० अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एस०पी० ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, विभिन्न विधाओ के कलाकार, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

**- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में देखा गया मा० प्रधानमंत्री जी के पराक्रम दिवस कार्यक्रम के उद्बोधन का सजीव प्रसारण**
**- नेताजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत, राष्ट्रसेवा हो जीवन का प्रथम उद्देश्य-मा० राज्यसभा सांसद**
**- पराक्रम दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिलाई गई मतदाता दिवस की शपथ**
**- नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कलाकारो की वीर रस प्रस्तुति से गुंजायमान हुआ प्रेक्षागृह**

# भूमि विकास बैंक सदर के चेयरमेन पद पर प्रमोद राठी के निर्विरोध निर्वाचन पर भव्य स्वागत



**मुजफ्फरनगर (दैनिक हाक):** भूमि विकास बैंक सदर के चेयरमेन पद पर प्रमोद राठी के निर्विरोध निर्वाचित होने पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने आवास पर प्रमोद राठी का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रमोद राठी का निर्विरोध निर्वाचन उनकी सादगी, जनसेवा के प्रति समर्पण, संगठनात्मक क्षमता और किसानों के बीच मजबूत विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रमोद त्यागी भूमि विकास बैंक सदर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के साथ-साथ किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और बैंक से जुड़े लाभार्थियों के हितों की रक्षा करते हुए प्रभावी योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। मंत्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि भूमि विकास बैंक किसानों की आर्थिक मजबूती की रीढ़ है और इसके माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण उत्थान तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। प्रमोद राठी के नेतृत्व में बैंक और अधिक पारदर्शी, सशक्त और किसान-हितैषी बनेगा। इस खुशी के अवसर पर समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ नवनिर्वाचित चेयरमेन का भव्य स्वागत किया गया।

आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया और पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने पुष्पमालाएँ पहनाकर प्रमोद त्यागी का अभिनंदन किया तथा एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर अपनी प्रसन्नता साझा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, बैंक से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, किसान प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रमोद राठी को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएँ देते हुए आशा जताई कि उनके कार्यकाल में भूमि विकास बैंक सदर किसानों की समस्याओं के समाधान, ऋण सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। नवनिर्वाचित चेयरमेन प्रमोद राठी ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो विश्वास उन्हें दिया गया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा किसानों और बैंक से जुड़े हर वर्ग के हित में कार्य करेंगे।

# समाजवादी ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

**मुजफ्फरनगर (दैनिक हाक):** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर देश के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय महावीर चौक पर मनाई गई। सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व अन्य सपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया। सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व सपा प्रदेश सचिव चौधरी इलम सिंह गुर्जर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ऐसे महान क्रांतिकारियों के संघर्ष से ही हम आजादी की सांस ले रहे हैं। उनके बलिदान व ऐतिहासिक संघर्ष को हमेशा हर भारतवासी नमन कर याद करता रहेगा। सपा नेता सोमपाल सिंह कोरी,धर्मेंद्र सिंह पंवार नीटू, विकील चौधरी गोल्डी अहलावत,लोकेंद्र कुमार सहित अन्य सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताजी सुभाषचंद बोस को पालिकाध्यक्ष ने की श्रद्धांजलि अर्पित भारत की आजादी के प्रणेता आजाद हिंद फौज का गठन कर देश को गुलामी की दास्तां से बाहर निकालने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ति पर पालिकाध्यक्ष ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंति पर जनपद सहित नगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला में कार्यक्रम आयोजित किए गए।


## सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान

**विषविज्ञान भवन, 31 महात्मा गांधी मार्ग, पोस्ट बॉक्स संख्या 80, लखनऊ- 226001**

**CSIR – Indian Institute of Toxicology Research**

**Vishvigyan Bhawan, 31 Mahatma Gandhi Marg, Post Box No- 80, Lucknow – 226001**

**विज्ञापन संख्या: IITR/1/2026**
**ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारंभ तिथि एवं समय: 20/01/2026, प्रात: 10:00 बजे**
**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 19/02/2026, सायं 05:00 बजे**

**भारतीय नागरिकों हेतु सुनहरा अवसर**

सीएसआईआर- भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआरख्रआईआईटीआर), लखनऊ, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली की एक घटक प्रयोगशाला है। सीएसआईआर, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है।

सीएसआईआर- आईआईटीआर एक बहुविषयक अनुसंधान संस्थान है। इसका आदर्श वाक्य "पर्यावरण एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा तथा उद्योग की सेवा" है। संस्थान मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संबंधी महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान प्रदान करता है।

निम्नलिखित सूचना के अनुसार, मल्टी-टास्किंग स्टाफ के कुल 03 पदों एवं चालक (ड्राइवर) के 03 पदों हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

| पोस्ट कोड | पद का नाम, कुल पदों की संख्या एवं आरक्षण | सातवें वेतन आयोग के पे-लेवल | *कुल परिलब्धियां | अनिवार्य योग्यता | **ऊपरी आयु सीमा (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को) |
|---|---|---|---|---|---|
| एम-01 | **मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)** (नॉन-टेक ग्रुप 'सी') 03 (तीन) यूआर- 02 ओबीसी- 01 | **लेवल-1** (रू.18,000 - 56,900) | लगभग रू. 34,200/- प्रति माह | मैट्रिकुलेशन या समकक्ष उत्तीर्ण | **25 वर्ष** (आयु सीमा में छूट: वर्तमान नियमों के अनुसार) |
| डी-02 | **चालक (ड्राइवर)** (ग्रुप 'सी') 03 (तीन) यूआर - 01 ईडब्ल्यूएस - 01 एससी - 01 | **लेवल-2** (रू.19,900 - 63,200) | लगभग रू.37,600/- प्रति माह | (i) LMV एवं HMV चलाने हेतु वैध ड्राइविंग लाइसेंस (डीजल) होना चाहिए। (ii) मोटर मैकेनिज्म का ज्ञान (अभ्यर्थी को वाहन में छोटी-मोटी खराबी दूर करने में सक्षम होना चाहिए)। (iii) कम से कम 3 वर्ष तक मोटर कार चलाने का अनुभव। (iv) दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हो। | **27 वर्ष** (आयु सीमा में छूट: वर्तमान नियमों के अनुसार) |

* कुल परिलब्धियों का अर्थ यह है कि न्यूनतम स्केल पर प्रतिमाह प्राप्त होने वाली लगभग कुल परिलब्धियां, जिसमें हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए), ट्रांसपोर्ट अलाउंस सम्मिलित है, जो कि नियमानुसार 'Y' श्रेणी के शहर में मिलता है।

** अलग-अलग केटेगरी के अभ्यर्थी को आयु में प्राप्त छूट हेतु कृपया छूट खंड (रिलैक्सेशन क्लॉज) देखें।

**संक्षिप्त शब्दों का अर्थ इस प्रकार: यूआर**- अनारक्षित, **एससी**- अनुसूचित जाति, **ओबीसी**- अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईडब्ल्यूएस**- आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग।

**विस्तृत जानकारी के लिए, क्यूआर कोड स्कैन करें या संस्थान की वेबसाइट https://iitr.res.in/ पर जाएं।**

Sd/-
**प्रशासनिक अधिकारी**

Advt. No.: IITR/1/2026

cbc 36223/12/0001/2526


# जंगली कुत्तों का नीलगाय के बच्चे पर हमला



**चरथावल (दैनिक हाक):** विकासखंड के ग्राम अमीगढ़ के जंगल में जंगली कुत्तों के झुंड ने नीलगाय के एक बच्चे पर हमला कर दिया। इस हमले में नीलगाय का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पशु प्रेमी एवं समाजसेवी सन्नी चोपड़ा तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायल नीलगाय के बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे अपने शेल्टर हाउस ले जाया गया।

शेल्टर हाउस में नीलगाय के बच्चे का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। उसके शरीर पर कई स्थानों पर गहरे जख्म थे। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उपचार जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जंगल क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और जंगली कुत्तों की समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# श्रद्धा व उल्लास से बसंतोत्सव व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई

**खतौली (दैनिक हाक):** विश्व हिंदू परिषद बलोपासना केन्द्र, के तत्वावधान में श्री अखण्डानन्द आश्रम में बसंतोत्सव एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिमय व देशभक्ति का भाव देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना से हुआ, जिसे पंडित जसवंत शर्मा ने विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न कराया। श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात प्रसाद वितरण एवं सूक्ष्म जलपान का आयोजन किया गया। डॉ. चंद्र मोहन शर्मा ने बसंत पंचमी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या, संस्कृति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी से जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है नगर मंत्री आतिश गुप्ता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और देश सेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी का त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा जैसे उनके ओजस्वी विचार आज भी देशवासियों में जोश भर देते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने सभी आगंतुकों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल राणा, अनिकेत गोयल, जयप्रकाश, प्रदीप गुप्ता, सुरेंद्र, चिराग सिंघल, आशीष रहेजा, केशव अग्रवाल, अंकुर तायल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)

पंजीकृत कार्यालय: 6वां तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्नो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014, शाखा कार्यालय: 2बी, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
**सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री**
**सरफैसी अधिनियम के अन्तर्गत**

ई-नीलामी बिक्री सूचना सिक्योरिटाइजेशन और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ सार्वजनिक को और विशेष रूप से उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** द्वारा बंधक रखी गई हैं, (जो कि 'सुरक्षित ऋणदाता' के रूप में अधिनियम के तहत संदर्भित किया जाता है), जिनकी कब्जा अधिकारिता सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ प्राप्त की गई है, और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद, उन्हें बेचा जाएगा।

बिक्री के विवरण: सुरक्षित संपत्तियाँ 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जैसा है', और 'जो कुछ है वही है' के आधार पर **23.02.2026** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। यह सार्वजनिक को सूचित किया जाता है कि बिक्री https://www.bankeauctions.com. वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL के/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें: www.grihumhousing.com.

| क्र. सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम [ए] | मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि [बी] | कब्जे का प्रकार [सी] | सम्पत्ति का विवरण [डी] | आरक्षित मूल्य [ई] | ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%) [एफ] | ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि [जी] | वृद्धि बोली [ए] | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय [आई] | नीलामी की तिथि और समय [जे] | ज्ञात बंधन/कोर्ट मामले यदि कोई हों [के] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋण संख्या: HL0540H19100073 अभिषेक जैन (ऋणधारक) विनय जैन (सह-ऋणधारक) सरिता जैन** | **सूचना तिथि: 07.06.2025 कुल बकाया: रू. 10,33,433/-** (रुपये दस लाख तैंतीस हजार चार सौ तैंतीस मात्र) **07.06.2025** तक भुगतान योग्य, साथ ही 17.1% वार्षिक ब्याज जो वास्तविकता तक लागू होगा। | **भौतिक** | सम्पत्ति का विवरण: दुकान संख्या 13, पश्चिम दिशा की ओर, बिना छत के, एमपीएल संख्या 7/743, निर्मित क्षेत्रफल, ऊपर तल का माप 14.61 वर्ग मीटर, स्थिति- मोहल्ला बरतला यादगार, अंद्रून मार्केट, लाला सुकौशल प्रसाद जैन, सहारनपुर। **चौहद्दी इस प्रकार हैं:** पूर्व: अपचिक आफ्टर दैट हाउस लाला सक्तुमल पश्चिम: वे गैलरी 15 फीट चौड़ी उत्तर: दुकान संख्या 14, दक्षिण: दुकान संख्या 12 | **रु. 6,57,162.00/-** (रुपये छह लाख सत्तावन हजार एक सौ बासठ मात्र) | **रु. 65,716.20/-** (रुपये पैंसठ हजार सात सौ सोलह रुपये एवं बीस पैसे मात्र) | **21.02.2026 को सायं 5 बजे से पहले** | 10,000/- | **18.02.2026 को (प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक)** | **23.02.2026 को (प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)** | शून्य |

इच्छुक बोलीदाता/खरीदारों को सूचित किया जाता है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच स्वयं करें तथा अतिरिक्त शुल्क, बकाया राशि, और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों को स्पष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नीलामी प्रक्रिया से पहले इन सभी पहलुओं से संतुष्ट हैं। संपत्ति से संबंधित सभी कानूनी देनदारियाँ जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और अन्य बकाया राशि, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा अदा किया जाएगा।

नीलामी प्रक्रिया के लिए आवश्यक पंजीकरण: इच्छुक बोलीदाता को पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है और इसके लिए वे लॉगिन आईडी और पासवर्ड एडवांस में प्राप्त करेंगे, जो ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक है। पंजीकरण करने के लिए बोलीदाता को नीलामी सेवा प्रदाता C1 India Pvt Ltd से संपर्क करना होगा। सेवा प्रदाता का संपर्क विवरण: पता: प्लॉट नं 68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003, हेल्पलाइन नंबर: 7291981124, 25, 26, ईमेल: Support@bankeauctions.com **सम्पर्क व्यक्ति: धरणी पी, ईमेल: dharani.p@c1india.com सम्पर्क नम्बर: 9948182222** । कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को **Earnest Money Deposit (EMD)** की राशि NEFT/RTGS/DD के माध्यम से **"GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED & AUCTION PROCEEDS A/C"**, बैंक **ICICI BANK LTD** में जमा करनी होगी। खाता संख्या: 091501000028 IFSC कोड: ICIC0000915 शाखा: ICICI Bank Ltd, पंचशील टेक पार्क, नियर गणपति चौक, 43/44 विमान नगर- 411014 यह राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **21.02.2026** तक जमा करनी होगी और बोलीदाता को **https//www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा, नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा तथा सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा। पंजीकरण के बाद, बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति अपलोड करनी होगी और स्वयं प्रमाणित हार्ड कॉपी को निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: **पता: 2B, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001, मोबाइल नम्बर: +91 8281138143, ईमेल आईडी: p.adith@grihumhousing.com, अधिक जानकारी के लिए: नीलामी के शर्तों और नियमों के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं: https://www.bankeauctions.com एवं www.grihumhousing.com पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें।**

**यह सूचना 30 दिन (तीस) का नोटिस के रूप में माना जाए, जैसा कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को दिया गया है।**

यदि किसी भी स्थिति में स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचारपत्र के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो The Hawk में प्रकाशित अंग्रेजी समाचारपत्र की सामग्री को मान्य माना जाएगा।

**तिथि: 24.01.2026 स्थान: सहारनपुर** — **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**